पशुपालन मंत्री ने जोबनेर में पशु विज्ञान केंद्र का शिलान्यास किया

चर्चा में क्यों?

19 जनवरी, 2022 को राजस्थान के कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने जोबनेर (जयपुर) में वेटरनरी विश्वविद्यालय के 16वें पशु विज्ञान केंद्र का शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मंत्री कटारिया ने कहा कि पशुपालन के क्षेत्र में ऐसी तकनीकें विकसित हों, जिनसे देशी गोवंश व अन्य पशुओं की उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो सके तथा युवा इससे प्रेरणा लेकर इसे स्वरोज़गार के रूप में अपना सकें।
- विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग ने कहा कि वेटरनरी विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित पशु विज्ञान केंद्रों के माध्यम से पशुपालकों को पशुपालन की वैज्ञानिक तकनीकों एवं नवाचारों से अवगत कराया जाता है। विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आयोजित कर पशुपालकों का कौशल विकास किया जा रहा है।
- इस नवीन पशु विज्ञान केंद्र के खुलने से इस क्षेत्र के किसानों व पशुपालकों को सीधा लाभ मिल सकेगा, जो कि इनके आर्थिक उत्थान में सहायक सिद्ध होगा।
- उल्लेखनीय है कि राज्य में पशुपालन विकास एवं पशुपालकों के कल्याण को देखते हुए मुख्यमंत्री ने वर्ष 2021-22 की बजट घोषणा में जोबनेर में पशु विज्ञान केंद्र खोलने की घोषणा की थी। पशु विज्ञान केंद्र के क्रियान्वयन के लिये राज्य सरकार की ओर से पदों की स्वीकृति, केंद्र के भवन निर्माण कार्य, आवश्यक उपकरण एवं फर्नीचर की खरीद तथा कार्यालय व्यय के लिये वित्तीय मंज़ूरी भी प्रदान कर दी गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/animal-husbandry-minister-lays-foundation-stone-of-animal-science-center-in-jobner